तैयारी

यूनिवर्सिटी से संबद्ध संस्थान विवि में आकर हो सकेंगे पूल कैंपस में शामिल

# यूटीयू में इस बार पूल कैंपस से होंगे छात्रों के प्लेसमेंट

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी (यूटीयू) में इस बार पूल कैंपस के माध्यम से छात्रों का प्लेसमेंट किया जाएगा। पूल कैंपस में आने वाले छात्रों को नई कंपनियों के माध्यम से नौकरियां मिलेंगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने पूल कैंपस पॉलिसी बनाकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पूल कैंपस के लिए छात्रों का यूनिवर्सिटी के एप पर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसके बाद ही छात्र पूल कैंपस के प्लेसमेंट में शामिल हो सकेंगे। पूल कैंपस यूटीयू देहरादून में ही किया जाएगा।

## छात्रों को मिलेंगी नई कंपनियों में नौकरियां, विवि ने पॉलिसी बनाकर शुरू की तैयारी

यूटीयू के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बताया कि विवि से उत्तराखंड के 80 संस्थान संबद्ध हैं, इनमें से 65 संस्थान निजी हैं। अब तक जो प्लेसमेंट हुए वे कैंपस में ही हुए। ऐसे में यहीं के छात्रों को मौका मिल पाया। अब यूनिवर्सिटी में पूल कैंपस होने से अधिक छात्रों को मौका मिल सकेगा।

पूल कैंपस में यूटीयू से संबद्ध सभी संस्थान देहरादून आकर शामिल हो सकेंगे।

## यहां करना होगा रजिस्ट्रेशन

पूल कैंपस के लिए 'टीएनपी वीएमएसपी यूटीयू' एप तैयार किया गया है। इस एप पर सबसे पहले संस्थानों के डायरेक्टर लॉग इन करेंगे। इसके बाद वहां पर ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) लॉग इन करेंगे। टीपीओ अपने संस्थान के एलिजिबल छात्रों को रजिस्टर करेंगे। एप पर अब तक 800 छात्रों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसके अलावा प्लेसमेंट के लिए आ रहे कंपनियों में नौकरी और इंटर्नशिप के मौके एप पर डाले जा रहे हैं। इस एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

## एल्युमिनाई भी हो सकेंगे प्लेसमेंट में शामिल

कुलपति ने बताया कि कॉलेज में जो छात्र पढ़ रहे हैं और प्लेसमेंट के लिए एलिजिबल हैं उनको तो प्लेसमेंट का मौका मिलेगा ही। लेकिन, जो छात्र यहां से पढ़ कर जा चुके हैं, यहां के एल्युमिनाई हैं उन्हें भी प्लेसमेंट का मौका मिलेगा। उनको एक मेल आईडी दी जाएगी, जिस पर उन्हें सीवी भेजना होगा। इसके अलावा यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर भी एल्युमिनाई के लिए सूचना जारी होती हैं, एल्युमिनाई वहां से भी सूचना ले सकते हैं।